# कार्यालय अनुमंडल कृषि सह जिला उद्यान पदाधिकारी, बोकारो
## संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, चास, पुरूलिया रोड, चास

### किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

विभागीय राज्यादेष सं0 17 दिनांक 28.05.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग की योजना के तहत बोकारो जिला के आजिविका के स्थाई श्रोत का सृजन कराने के साथ ही रोजी–रोटी तथा भोजन के लिए पलायन को रोकने के उद्देश्य से शहरी इलाकों एवं उससे सटे हुए आस–पास के शहरी क्षेत्रों में बसे हुए परिवार के घरों के आवासीय परिसर में खाली पड़े छोटे भूखण्ड सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrance Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फुलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग की योजना संचालित है। इस योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरुप शहरी परिवारों के भोजन में पौष्टिकता की वृद्धि होगी, प्रदुषण मुक्त एवं स्वच्छ वातावरण का विकास होगा, हरियाली में वृद्धि होगी एवं शहरी क्षेत्रों में ऑक्सीजन का स्तर सुधेरगा। इस योजना का कार्यान्वयन 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु दिनांक 30.08.2025 तक जिला उद्यान कार्यालय, बोकारो में आवेदन जमा कर सकते हैं। कार्य विवरणी निम्न प्रकार हैः–

नोटः–

1. ST, SC एवं सीमान्त कृषक एवं महिला समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
3. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
4. योजना के संदर्भ मे विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, बोकारो से संपर्क किया जा सकता है।
5. आवेदन पत्र हेतु Website-www.atmabokaro.org.in से Download कर सकते हैं।

19/8/25

जिला उद्यान पदाधिकारी,
बोकारो

# झारखंड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## उद्यान निदेशालय, झारखंड
## कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, बोकारो।
## (वित्तीय वर्ष 2025-26)

**प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग योजनान्तर्गत Rooftop Farming/ Terrace Gardening का लाभ हेतु आवेदन प्रपत्र**

लाभुक का फोटोग्राफस

सेवा में,

जिला उद्यान पदाधिकारी,
बोकारो।

विषय : प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग योजनान्तर्गत Rooftop Farming/ Terrace Gardening का लाभ हेतु आवेदन प्रपत्र

महाशय,

सादर सूचित करना है कि मैं............................................ पिता/पति.....................................................................................श्रेणी SC/ST/OBC/Gen/Women).......................... पता .................................................. का निवासी हूँ। मेरा आधार सं० ...................................मोबाईल सं० ............................ है।

मेरे पास उक्त योजना हेतु ..........डीसमिल भूमि है, जिसका खाता सं०.......... प्लॉट सं०............. है। जिसमें निर्मित भवन के Roof/Terrace में .............वर्ग मीटर/वर्ग फीट में Rooftop Farming/ Terrace Gardening करना चाहता/चाहती हूँ। मुझे योजनान्तर्गत फल/फूल/उन्नत सब्जी लगाने हेतु (विवरणी)........................................................................ की आवश्यकता है।

योजना हेतु मेरे पास पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध है।

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मैं योजनान्तर्गत Rooftop Farming/ Terrace Gardening का लाभ लेना चाहता/चाहती हूँ तथा 25 प्रतिशत लाभुक अंशदान मेरे द्वारा वहन किया जायेगा। उपरोक्त दी गयी जानकारी पूरी तरह सत्य है।

अनु०— (1) आधार कार्ड की छायाप्रति (2) जमीन संबंधी रसीद एवं अन्य प्रतिवेदन (अनुशंसित)

वार्ड सदस्य/जनप्रनिनिधि का अनुशंसा

लाभुक का हस्ताक्षर